जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा

www.dainikjagranmpcg.com ● राहतगढ़ ● खुरई ● पथरिया ● सिलवानी ● गैरतगंज ● गंजबासौदा ● सिरोंज ● बीना ● शमशाबाद भोपाल 15 फरवरी 2026

## न्यूज कार्नर

### अवैध खनन परिवहन ट्रैक्टर ट्राली जब्त

**जागरण, सागर।** जिले में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बंडा अंतर्गत उजनेठी ग्राम में खनिज विभाग द्वारा बोल्डर का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर महिंद्रा ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया गया। जब्त वाहन को थाना बिनेका में खड़ा कराया गया है। वाहन चालक आशीष लोधी, पिता विजय लोधी निवासी डिलोना बंडा के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध इस प्रकार की सतत कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### विद्युत ट्रांसमिशन लाइन के तार चोर गिरफ्तार



**जागरण, सागर।** बहरोल पुलिस द्वारा विद्युत ट्रांसमिशन लाइन से तार चोरी करने वाले आरोपियों को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है। अपराध क्रमांक 37/26 धारा 303(2) बीएनएस एवं धारा 136 विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों द्वारा पूर्व में विद्युत ट्रांसमिशन टावर लाइन से लगभग 170 मीटर तार चोरी कर लिया गया था जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.5 से 2 लाख रुपये आंकी गई। गिर तार आरोपियों में श्याममिलन दांगी पिता जयसिंह दांगी, भगवान सिंह पिता गोविंद लोधी, विजय सिंह पिता रंधीर सिंह दांगी, प्रवेश पिता अमोल सिंह लोधी सभी निवासी ग्राम भूसाकमलपुर थाना विनायका शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया तार जब्त किया गया। आरोपियों को न्यायालय बण्डा में पेश किया गयाए जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उपजेल बण्डा दाखिल कराया गया।

### जो खेलता है, वही खिलता है : अविराज

जागरण, सागर। खुरई विधानसभा क्षेत्र में आयोजित भूपेन्द्र भैया क्रिकेट ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला 14 फरवरी को मालथौन स्थित एमसीसी स्टेडियम में हजारों दर्शकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। रोमांचक मुकाबले में यंग स्टार बांदरी ने शिवाजी वार्ड खुरई को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया और एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराया। खुरई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया लेकिन टीम 12 ओवर में 92 रन ही बना सकी। जवाब में यंग स्टार बांदरी ने 11 ओवर 2 गेंद में लक्ष्य हासिल कर शानदार जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में यंग स्टार बांदरी के प्रिंस यादव को मैन ऑफ द सीरीज् चुना गया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 399 रन बनाए और 16 विकेट भी हासिल किए। यंग स्टार मालथौन के अंशुल यादव को 394 रनों के साथ सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया जबकि गोल्डन बरोदिया के हेमंत राजपूत ने 27 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार प्राप्त किया। फाइनल मुकाबले के मैन ऑफ द मैच राहुल यादव रहे। विजेता टीम को एक लाख रुपये एवं उपविजेता टीम को 51 हजार रुपये की पुरस्कार राशि के साथ शील्ड प्रदान की गई। इस टूर्नामेंट की प्रतिष्ठा हर वर्ष बढ़ती जा रही है।

## महाशिवरात्रि आज: जिले में ऐतिहासिक शिव मंदिरों का इतिहास

# पटनेश्वर मंदिर है 800 साल पुराना, तो वेदांती में 75 फीट ऊंची सदाशिव प्रतिमा

**जागरण, सागर।** रविवार को महाशिवरात्रि का पावन पर्व शहर के साथ समूचे जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। शिव मंदिरों में समस्त तैयारियां पूरी हो गई हैं और भक्तगणों में भी उल्लास दिख रहा है। शहर जगमगा रहा है। वहीं जिले में शिव मंदिरों के अतीत के पन्नों को खोलें तो पाएंगे यहां ऐतिहासिक तथ्य छिपे हुए हैं जो भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

रहली मार्ग पर ढाना के नजदीक पटना गांव में बने ऐतिहासिक शिव मंदिर को पटनेश्वर धाम कहा जाता है। यहां के इतिहास और भक्तों की कहानी इस मंदिर को अपने आप में अनूठा बनाती हैं। करीब 800 साल पुराने इस मंदिर का निर्माण सागर के तत्कालीन राजा की पत्नी लक्ष्मीबाई खेर ने कराया था। लक्ष्मीबाई अक्सर रहली जाया करती थीं और जाते समय उनका पड़ाव पटना गांव में पढ़ता था यहां पर उन्होंने शिव मंदिर का निर्माण कराया था। गांव का नाम पटना होने के कारण मंदिर पटनेश्वर धाम कहलाने लगा। यहां भगवान शिव स्वयंभू हैं। भगवान भोलेनाथ यहां पंचायतन रूप में विराजमान है। गौरतलब है कि जिले में ऐसे अनेकों प्राचीन शिवमंदिर हैं जो अपने आप में विशेष महत्व रखते हैं और जिनके दर्शनों के लिए दूर-दूर से भक्त आते हैं। जिनमें खासा उत्साह नजर आता है और वे भक्ति में लीन रहते हैं।





### महादेव के तिलक के साथ विवाह समारोह प्रारंभ

भगवान शिव का विवाह महाशिवरात्रि के दिन होता है। लेकिन बुंदेलखंड के ऐतिहासिक पटनेश्वर मंदिर में भगवान महादेव का विवाह समारोह बसंत पंचमी से शुरू हो जाता है और महाशिवरात्रि तक चलता है। खास बात ये है कि ये परंपरा करीब 100 साल पुरानी है और इसका उल्लेख गजेटियर में भी किया गया है। विवाह समारोह की परंपरा अनुसार सबसे पहले तिलक का कार्यक्रम होता है। जिस तरह किसी भी विवाह समारोह में सबसे पहले दूल्हे का तिलकोत्सव होता है तो उसी तरह पटनेश्वर में भगवान महादेव की तिलकोत्सव होता है। मराठा रानी लक्ष्मीबाई खैर के सपने में भगवान शिव आए थे।

### सात दिन तक चलता है मेला

भगवान शिव की विवाह पर परा तिलक के साथ शुरू होती है। साथ ही रूद्र यज्ञ का शुभारंभ हो जाता है। दूसरे दिन महादेव का महाअभिषेक, तीसरे दिन भगवान शिव का सहस्त्र अर्जन और चौथे दिन महाआरती होती है। इसके बाद महाशिवरात्रि को भगवान महादेव का विवाह संपन्न होता है। बसंत पंचमी से लेकर महाशिवरात्रि के दिन तक बुंदेलखंड में होने वाले विवाहों की पर पराए पटनेश्वर मंदिर में निभाई जाती हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां विशाल मेला भरता है जहां हजारों की सं या में शिवभक्त इकट्ठा होते हैं।

### मनमोहक है सदाशिव प्रतिमा, आधुनिक तकनीक से निर्मित तथा भूकंपरोधी

शहर के वेदांती स्थित रावतपुरा सरकार आश्रम में 75 फीट ऊंची भगवान सदाशिव की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। ध्यान मुद्रा में निर्मित इस प्रतिमा का लोकार्पण 5 जुलाई 2025 को श्री रावतपुरा सरकार की उपस्थिति में हुआ। लगभग दो वर्षों में तैयार की गई यह प्रतिमा आधुनिक तकनीक से निर्मित तथा भूकंपरोधी है। इसके निर्माण में छत्तीसगढ़ और राजस्थान के मूर्तिकारों का विशेष योगदान रहा। प्रतिमा स्थापना के उपलक्ष्य में सात दिवसीय भव्य महोत्सव आयोजित किया गया जिसमें ज्ञानयज्ञ, धार्मिक कथा और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल रहे। बुंदेलखंड क्षेत्र में यह प्रतिमा आस्था और पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनकर उभरी है। यह भगवान शिव की तीसरी विशाल प्रतिमा है जिसे श्री रावतपुरा सरकार द्वारा स्थापित किया गया है और इसका उद्देश्य क्षेत्र में आध्यात्मिकता एवं पर्यटन को बढ़ावा देना है।

### हर्ष फायरिंग में मौत, अभा धानक समाज का प्रदर्शन



**मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग**

**जागरण, सागर।** मोतीनगर थाना क्षेत्र के धर्मश्री में बारात निकलने के दौरान गोली लगने से किशोर की मौत के मामले को लेकर अभा धानक समाज संगठन ने शनिवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। संगठन ने रविवार को बैंड बंद हड़ताल रखने की घोषणा की है। बैंड बाजा समूह के मृतक विवेक बंसल के परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग धानक समाज संगठन ने की है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि रविवार को कैंडल मार्च निकालकर मृतक को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस दौरान जिले में कोई भी बैंड पार्टी शादी या अन्य किसी कार्यक्रम में बैंड नहीं बजाएगी। ज्ञापन में जानकारी दी गई है कि घटना रात्रि को मयंक सोनी के परिवार में बारात के लिए श्रीराम धमाल वालों की टीम बैंड बजाने पहुंची थी। बारात निकलने के दौरान गोलाकुआं के पास अनमोल सोनी, प्रशांत पटेल समेत अन्य लोग पिस्टल लहराते हुए आए और गाना बजाने की बात पर विवाद के बाद गोली मार दी गई। एडिशनल एसपी लोकेश सिन्हा ने मामले में स त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, 3 गंभीर घायल दो महिलाएं भी हादसे में हुईं घायल, मामला दर्ज

**जागरण, शाहगढ़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहगढ़ टीकमगढ़ मार्ग पर शिवपुरी ग्राम के पास एक तेज र तार कार ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्टर मार दी। हादसे में मोटर साइकिल चालक सहित मोटरसाइकिल पर सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में चली गई। घटनास्थल से घायलों को पुलिस वाहन 112 से शाहगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल बबलू घोषी उम्र 45 वर्ष एवं उनकी पत्नी रेखा घोषी उम्र 40 वर्ष सहित एक अन्य महिला शुभी पति रानू घोषी उम्र 26 वर्ष सभी निवासी कुटौरा छतरपुर को जिला अस्पताल सागर भेजा गया है।जानकारी अनुसार मोटरसाइकिल सवार तीनों घायल गंभीर हालत में थे जिन्हें सागर रेफर किया गया है। पुलिस में मौके से कार को जब्त कर लिया है।



## डीपी जलने और सप्लाई बंद होने से ग्रामवासी परेशान



**जागरण, राहतगढ़।** ब्लाक क्षेत्र के ग्राम चंदनहारी से आए ग्रामवासियों ने ट्रांसफार्मर एवं केबिल बदलने के साथ गांव में उचित रूप से विद्युत सप्लाई किए जाने की मांग को लेकर विद्युत विभाग कार्यालय राहतगढ़ में ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि ग्राम चंदनहारी में ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जो बार बार बिगड़ रहा है। पिछले बहुत दिनों से केबिल खराब होने से विद्युत सप्लाई के लिए रखा ट्रांसफार्मर बार बार खराब हो रहा है। विगत 7 फरवरी से ट्रांसफार्मर की क्वायल जल जाने के कारण ग्राम में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से बंद है। जिसके बारे में विद्युत मंडल को कई बार अवगत कराया है। वर्तमान में छात्र छात्राओं की बोर्ड परीक्षा चल रही है जिससे उन्हें पढ़ाई करने में असुविधा हो रही है तथा गांव में अंधेरा छाया रहता है। सभी ग्रामवासियों ने परीक्षा के चलते शीघ्र ट्रांसफार्मर सुधारे जाने की मांग की है जिससे छात्रों की पढ़ाई आसानी से हो सके। ग्रामवासियों ने चेतावनी दी कि शीघ्र ट्रांसफार्मर ठीक न होने पर सभी ग्रामवासी आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन करने बाध्य होंगे। ग्रामवासियों ने बताया कि उक्त समस्या के बारे में मंत्री प्रतिनिधि अरविंदसिंह राजपूत को भी अवगत कराया गया है जिसमें ट्रांसफार्मर बदलवाने मांग की है। इस संबंध में कनिष्ठ अभियंता आशीष भालेकर ने बताया कि गांव में बिजली सप्लाई की वैकल्पिक व्यवस्था करा दी गई है एक दो दिन में नई केबिल और ट्रांसफार्मर की व्यवस्था भी की जाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में जितेंद्रसिंह सुनील सिंह राजपूत रमेश सिंह राहुल राजपूत हनुमत सिंह हरनाम कमलेश मूरत राजेश बिहारी पहलवान सिंह महेंद्रसिंह साहबसिंह भगवानदास शालकराम सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

## शिव ध्वजारोहण कर मनाई 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती, बुराइयों से दूर रहने का संकल्प लिया

### ब्रह्माकुमारी बहनों और देवरी विधायक ने शिव ध्वजारोहण किया

**जागरण, सागर।** ब्रह्माकुमारीज के गौरझामर सेवाकेंद्र पर शनिवार को 90 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती शिव ध्वजारोहण कर मनाई गई। इस दौरान ब्रह्माकुमारी बहनों और देवरी विधायक ने शिव ध्वजारोहण किया। साथ ही सभी ने शिव ध्वज के नीचे जीवन से बुराइयों से दूर रहने का संकल्प किया। सागर क्षेत्र की निदेशिका बीके छाया दीदी ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर हम शिवालयों में अक, धतूरा, भांग आदि अर्पित करते हैं। इसके पीछे आध्यात्मिक रहस्य यह है कि जीवन में जो कांटों के समान बुराइयां हैं, गलत आदतें हैं, गलत संस्कार हैं, कांटों के समान बोल, गलत बोल, सोच को आज के दिन शिव पर अर्पण कर मुक्त हो जाएं। राहतगढ़ से पधारीं सेवाकेंद्र प्रभारी बीके नीलम दीदी ने कहा कि हम यदि खुद को परमात्मा को सौंपकर जीवन में चलते हैं तो सदा निश्चिंत रहते हैं। गौरझामर सेवाकेंद्र की प्रभारी बीके लक्ष्मी दीदी ने कहा कि अपने अंदर के अंधकार को मिटाकर जीवन में ज्ञान की ज्योत जगाएं। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस आयोजन में ब्रह्माकुमारी खुशबू बहन, ब्रह्माकुमारी पार्वती बहन, ब्रह्माकुमारी कामिनी बहन उपस्थित रहे। सागर से पप्पू भाई मुकेश भाई थे। शिव शंकर जी की झांकी सजाई गई। कुमारी आकांक्षा लोधी ने शिव तांडव की प्रस्तुति दी। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



### ग्राम गंगौआ में फर्जी बेटी बनकर बेच दी जमीन

**जागरण, खुरई।** क्षेत्र के गंगौआ से एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है जहां मृतक जमीन विक्रेता की बेटी बनकर जमीन बेचने का गंभीर फर्जीवाड़ा किया गया। पीड़िता सरजू पति अमोल उम्र 34 वर्ष निवासी गंगौआ ने आरोप लगाया है कि उनके पति द्वारा वर्ष 1992 में दो एकड़ भूमि 14 हजार रुपए में खरीदी गई थीलेकिन आर्थिक तंगी के चलते उस समय भूमि का नामांतरण नहीं हो सका और परिवार मजदूरी करने बाहर चला गया।

इसी बीच भूमि स्वामी बेनी बंसल की मृत्यु हो गई। आरोप है कि बेनी की मृत्यु के बाद एक महिला ने स्वयं को उसकी बेटी बताकर संबंधित अधिकारियों की कथित मिलीभगत से उक्त जमीन किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी। इस फर्जीवाड़े की जानकारी अमोल के परिवार को करीब दस दिन पहले लगी जिसके बाद परिवार में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिवार अब लगातार प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर अपनी जमीन वापस दिलाने की गुहार लगा रहा है। मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर स त कार्रवाई की मांग कर रहा है। अनुविभागीय अधिकारी मनोज चौरसिया ने बताया है कि मामला संज्ञान में आया है। पूरे मामले में जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

**Change of Name**

I, MAHI IS DAUGHTER OF ARMY NO - 457575158L RANK HAV NAME RATHOD CHANDARKANT SERVING IN 17 MAHAR HOME ADDRESS AT F-66, CHAMUNDANAGAR LIMBDA RAMESHWAR, MEGHANINAGAR, AHMEDABAD CITY, CIVIL HOSPITAL AHMEDABAD, GUJARAT 380016, HAVE CHANGED MY NAME FROM MAHI TO RATHOD MAAHI CHANDRAKANT IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 14/02/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

**अपराध** | **गोपालगंज पुलिस को मिली सफलता**

## हत्या के प्रयास का फरार मुख्य आरोपी पुलिस के शिकंजे में

**जागरण, सागर।** बीते साल दिसंबर माह में युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को गोपालगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से ही फरार आरोपी बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। पुलिस ने शनिवार को मुखबिर से मिली सूचना के बाद घेराबंदी कर उसे गिर तार कर लिया।

थाना गोपालगंज में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 562/2025, धारा 296(ए), 115(2), 109(1), 3(5) बीएनएस के प्रकरण में घटना दिनांक 23.12.2025 से फरार चल रहे मु य आरोपी मोह मद नोमान मंसूरी पिता मोह मद फिरोज मंसूरी उम्र 19 वर्ष निवासी शुक्रवारी को गोपालगंज पुलिस ने सुनियोजित घेराबंदी कर शनिवार को गिर तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी फतेह खान पिता फिरोज खान निवासी शुक्रवारी वार्ड द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि घटना दिनांक को शाम लगभग 6 बजे आशाराम फर्श कुआं क्षेत्र में आरोपी एवं उसके साथियों ने पुरानी रंजिश तथा सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड करने की बात को लेकर उसे रोककर गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपीगण ने जान से मारने की नीयत से चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया जिससे फरियादी की पीठ में गंभीर चोट आई एवं अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। घटना के पश्चात आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मेडिकल रिपोर्ट एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर थाना गोपालगंज में संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई थी।



**आरोपी लगातार कर रहा था पुलिस को गुमराह**

मामले में मुख्य आरोपी लगातार पुलिस को गुमराह कर रहा था लेकिन पुलिस की सतत एवं स त कार्रवाई के आगे वह छिप नहीं सका। घटना के बाद आरोपी गिर तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। गोपालगंज पुलिस द्वारा तकनीकी विश्लेषण, संभावित स्थानों पर दबिश, मुखबिर तंत्र की सक्रियता तथा सतत निगरानी के माध्यम से आरोपी की तलाश की जा रही थी। शनिवार को प्राप्त विश्वसनीय सूचना पर थाना प्रभारी गोपालगंज निरीक्षक घनश्याम शर्मा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में सुनियोजित घेराबंदी की गई और आरोपी को दबोच लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में उप निरीक्षक नीरज जैन, प्रधान आरक्षक अनिल प्रभाकर, दीपक व्यास, मोहन, यशवंत, आरक्षक आनंद सिंधु, अंकित तिवारी, दशरथ मालवीय, आरक्षक चालक देवेंद्र पांडेय सहित थाना स्टाफ की कार्यवाही सराहनीय रही। आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि समय रहते विधिस मत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### शिवसेना ने अश्लीलता का पुतला जलाया



**जागरण, सागर।** शिवसेना संगठन के वेलेंटाइन डे के विरोध में वाहन रैली निकाली। मकरोनिया से प्रार भ हुई रैली प्रमुख मार्गो से होते हुई सिविल लाइंस स्थित शहीद कालीचरण चौराहा पहुंची जहां पैदल मार्च के साथ वेलेंटाइन-डे रूपी अश्लीलता का पुतला दहन किया। रैली में शिवसैनिक वेलेंटाइन-डे के खिलाफ उद्घोष के साथ चल रहे थे। शहीद कालीचरण की प्रतिमा पर पुलवामा के 44 अमर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा कि विरोध के चलते अश्लील हरकतें करने वाले युगल रेस्टोरेंट पार्कों से नदारद रहे। रैली में जिला प्रमुख दीपक सिंह, जिला प्रभारी विकास सिंह, शिवशंकर दुबे, सचिन जैन, धर्मेंद्र सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित थे।



## न्यूज कार्नर

### बांदकपुर में भोजन की गुणवत्ता जांची गई



**दमोह।** खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा बांदकपुर में महाशिवरात्रि पर्व में श्रद्धालुओं एवं कार्यरत स्टाफ को वितरित किए जा रहे भोजन की जांच की गई। बांदकपुर में श्री देव जागेश्वरनाथ मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा श्रद्धालुओं कावड़ियों एवं कार्यरत स्टाफ को निःशुल्क भोजन वितरण की व्यवस्था की गई। बांदकपुर में श्रीदेव जागेश्वरनाथ मंदिर प्रबंधन समिति के भोजन निर्माण स्थल, भंडारण कक्ष का निरीक्षण किया गया। भोजन निर्माण में इस्तेमाल किए जा रहे कच्चे खाद्य सामग्री आटा, खाद्य तेल, मठा, मसाले, दालें, चावल एवं सब्जियों आदि की गुणवत्ता परखी गई।

### अधिवक्ता संघ हटा के चुनाव की प्रक्रिया शुरू

**हटा।** अधिवक्ता संघ हटा के सचिव द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में अधिवक्ता संघ हटा के निर्वाचन के लिए उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक मध्यप्रदेश अधिवक्ता परिषद के सदस्य शैलेन्द्र वर्मा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था उनकी उपास्थिति में शनिवार को हटा संघ की बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से अधिबक्ता मुकुल चौबे को निर्वाचन अधिकारी मनोनीत किया गया। दीपक तिवारी अधिवक्ता को सर्वसम्मति से सहायक निर्वाचन अधिकारी मनोनीत किया गया। चुनाव समिति में बरिष्ठ अधिवक्ता सतीश सिंह, मुरारी लाल पटेल एवं एमएस नरेलिया को सदस्य नियुक्त किया गया। गौर तलब है कि उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर रिट पेटिसन क्रमांक 34890/24 में पारित आदेश दिनांक 7.1.26 के अनुसार पुरानी निर्वाचन प्रक्रिया निरस्त कर 31 मार्च 26 के पूर्व हटा अधिवक्ता संघ का पर्यवेक्षक शैलेन्द्र वर्मा की उपस्थिति में करने के आदेश दिए गए थे। अब निर्वाचन अधिकारी सहायक निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचन समिति गठित कर चुनाव प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है यह सभी जल्दी ही निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित करेंगे।

**राहतगढ़ में भोपाल रोड पर बनेनी घाट पर है शिवालय, शिवभक्तों में चर्चित आस्था का केंद्र, मालथौन में भी पाली के भव्य शिवलिंग विराजमान**

# अद्भुत शिवालय : जहां एक बार में मिलता है 108 बार दर्शन करने का पुण्य, आज लगेंगी भक्तों की कतारें

**जागरण, राहतगढ़।** सागर जिले से 40 किलोमीटर दूर भोपाल रोड पर बसे राहतगढ़ नगर में एक ऐसा प्राचीन शिवालय है जो अपने आप में ही एक अद्भुत शिवालय माना जाता है। यहां मान्यता है कि उक्त शिवालय में एक बार दर्शन करने पर 108 बार दर्शन करने का पुण्य लाभ प्राप्त होता है। उल्लेखनीय है कि नगर में स्थित बीना नदी के पास बनेनीघाट पर बने प्राचीन शिवालय जिसमें एक पिंडी पर 108 शिवलिंग बने हुए हैं। उक्त प्राचीन शिवालय दूर दूर तक चर्चित बना हुआ है और प्राचीन कलाकृति में एक अद्भुत कला का नमूना भी माना जाता है। शिवालय मंदिर का हजारों वर्ष पुराना इतिहास माना जाता है। मान्यता है कि लगभग 11 वीं शताब्दी में किले के निर्माण के दौरान उक्त शिवलिंग की स्थापना की गई थी। शिवालय मंदिर में रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु आते हैं और अभिषेक के साथ पूजा.अर्चना की जाती है। यह प्राचीन शिवालय लोगों की आस्था का केंद्र भी माना जाता है जहां एक बार में 108 बार के जलाभिषेक एवं दर्शन लाभ प्राप्त होते हैं वहीं श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं भी पूरी होती हैं। महाशिवरात्रि पर प्रात काल से ही भक्तों द्वारा जल अभिषेक के साथ अनेक धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे एवं भगवान भोलेनाथ का आकर्षक श्रंगार किया जाएगा। वहीं मंदिर के पुजारी पंडित बबलू महाराज ने बताया कि यह प्राचीन



व ऐतिहासिक शिवालय समूचे देश प्रदेश तक चर्चित है। शिवालय मंदिर का निर्माण भी एक आदर्श कलाकारी माना जाता है जो आकर्षण का केंद्र रहता है। शिवालय मंदिर में प्रतिदिन भक्तों द्वारा धार्मिक आयोजन के साथ पूजा अर्चना कर भगवान शिवजी का अभिषेक किया जाता है। वहीं महाशिवरात्रि पर यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहेगा। साथ ही भक्तिभाव से भगवान शिवजी की बारात निकाली जाएगी।

### पाली के शिवलिंग की महिमा अपरंपार

**जागरण, मालथौन।** बांदरी के समीप सागर-झांसी नेशनल हाइवे फोरलेन पर ग्राम पाली के ऐतिहासिक पुरातत्व महत्व के शिवालय में स्थापित एक शिवलिंग पर छोटे-छोटे 1008 शिवलिंग समाए हुए हैं। मान्यता है कि इस प्रतिमा के दर्शन-पूजन से 1008 शिवलिंग के पूजन का पुण्य एक साथ मिलता है। प्रचलित मान्यता के अनुसार सहस्त्रशिवलिंगम पर जलाभिषेक करने के काफी लाभ है। शिवलिंगम में 1008 शिवलिंग उत्कीर्ण हैं। एक बार जलाभिषेक करने पर 1008 बार जलाभिषेक के बराबर होता है। दर्शनों के लिए शिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। अतिप्राचीन व ऐतिहासिक महत्व के शिवमंदिर के गर्भगृह में यह शिवलिंग स्थापित है। जानकारों ने बताया कि शिवलिंग 1100 वर्ष से भी अधिक पुराने हैं। पाली के शिवलिंग के दर्शन कर श्रद्धालु पूरी तरह शिवमय हो जाते हैं। भारत जहां एक तरफ अपनी सांस्कृतिक विविधता के कारण जाना जाता है तो वहीं धर्म की दृष्टि से भी भारत एक महान देश है। पाली का यह मंदिर पर्यटकों को अपनी बेहतरीन वास्तुकला से भी आकर्षित करते आए हैं। स्कन्दपुराण में कहा है कि आकाश स्वयं लिंग है। धरती उसका पीठ या आधार है और सब अनन्त शून्य से पैदा हो उसी में लय होने के कारण इसे लिंग कहा है। गौरतलब है कि शिवलिंग भगवान शिव और देवी शक्ति का आदि-आनादी एकल रूप है तथा पुरुष और प्रकृति की समानता का प्रतीक भी अर्थात इस संसार में न केवल पुरुष का और न केवल प्रकृति स्त्री का वर्चस्व है, अर्थात दोनों समान है।

**पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु**

# दूल्हा भेषधारी गौरीशंकर मंदिर में छठवें दिन रुक्मिणी विवाह प्रसंग से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**जागरण हटा।** 5 से 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व तक उपकाशी नगर हटा के दूल्हा भेषधारी देवश्री गौरीशंकर मंदिर परिसर में आयोजित अतिरुद्र महायज्ञ, पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन भक्तिरस की अविरल धारा बहती रही। प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में तांता लगा रहा और पूरा परिसर हर-हर महादेव एवं राधे-राधे के जयघोष से गूंजता रहा। शाम 4 बजे से दद्दा कला मंच से कथा व्यास डॉ. अनिल शास्त्री ने छठवें दिन श्रीमद्भागवत के अत्यंत मार्मिक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, समर्पण और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। वही कथा के अत्यंत पावन रुक्मिणी विवाह प्रसंग का विस्तारपूर्वक एवं भावपूर्ण वर्णन किया।

व्यासपीठ से डॉ. शास्त्री ने बताया कि विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी ने भगवान श्रीकृष्ण को ही अपना पति मान लिया था। उन्होंने भगवान को पत्र लिखकर अपने हृदय की व्यथा प्रकट की



और उनसे विवाह करने का आग्रह किया। कथा में वर्णन किया गया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मी और अन्य राजाओं के विरोध के बावजूद रुक्मिणी का हरण कर धर्मपूर्वक विवाह संपन्न किया। उन्होंने कहा कि रुक्मिणी का अटूट विश्वास, समर्पण और निष्काम प्रेम ही उन्हें भगवान की अर्धांगिनी बनने का अधिकारी बनाता है। यह प्रसंग सिखाता है कि सच्ची भक्ति में दृढ़ निश्चय और पूर्ण विश्वास आवश्यक है। कथा के दौरान विवाह प्रसंग का सजीव चित्रण किया गया, रूक्मणी विवाह के अवसर पर इंद्रपस्थ स्कूल की छात्राओं ने रुक्मिणी विवाह की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। पारंपरिक वेशभूषा में सजी छात्राओं ने नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विवाह प्रसंग को जीवंत कर दिया। उनकी भाव भंगिमाओं, ताल-लय और मंच सज्जा ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

जब भगवान श्रीकृष्ण के रूप में सजे बाल कलाकार और रुक्मिणी स्वरूप छात्रा मंच पर पहुंचे तो श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का जयघोष किया। इन्द्रपस्थ स्कूल के छोटे छोटे विद्यार्थियो ने आकर्षक परिधान में स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। विवाह गीतों और मंगल ध्वनियों के बीच प्रस्तुत की गई यह झांकी कथा का मुख्य आकर्षण बन गई। जिससे पूरा पंडाल विवाहोत्सव के उल्लास से भर उठा। इस दौरान आयोजन के संयोजक पुष्पेंद्र हजारी, यज्ञ समिति अध्यक्ष अनुरागवर्धन हजारी सहित आयोजन समिति के समस्त सदस्यों एवं वरिष्ठ गणमान्यजनों के साथ श्रद्धालु धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुए।

### आज होंगे आयोजन

यज्ञ समिति अध्यक्ष अनुराग वर्धन हजारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज 15 फरवरी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जय हिन्दू राष्ट्र भोले के भक्त कांवड़ यात्रा शंकर जी का चबूतरा मित्र मंडल समिति द्वारा भगवान भूतेश्वर सरकार मंदिर सहित नगर हटा के प्रमुख मार्गो से होकर पारंपरिक और ऐतिहासिक रूप से भव्य शिव बारात निकाली जाएगी जो देवश्री गौरीशंकर मंदिर पहुंचेगी। शव-पार्वती विवाह, विविध धार्मिक अनुष्ठान, कलाकारों द्वारा संगीतमय भजनों की प्रस्तुतियां एवं विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन अतिरुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति एवं श्रीमद्भागवत कथा का समापन भी संपन्न होगा।

# स्कूली छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित




**जागरण, राहतगढ़।** छात्र छात्राओं का मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ब्लाक के ग्राम खैजरा माफी स्थित पीएमश्री हाईस्कूल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य दिनेश राय द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की गई और उनके उत्साहवर्धन के लिए अभिभावक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्रों से परीक्षा उपरांत भी निरंतर अभ्यास करते हुए अच्छी तैयारी के साथ परीक्षा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी प्रतिभा को मंच मिलता है। बच्चों का उत्साहवर्धन करना बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम में प्राचार्य दिनेश राय राघवेंद्र गौर रवि जैन आशीष रजक रामप्रकाश प्रजापति हरिओम तिवारी गोलू लोधी मयंक राय राजा विश्वकर्मा सहित संस्था के बच्चे उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि : 1200 सालों से आस्था एवं श्रद्धा का केंद्र है मढ़ बामौरा स्थित हजारिया मंदिर



**बीना जागरण।** भारतीय प्राचीन कला एवं आस्था का संगम मढ़ बामोरा में स्थित है। जहां मंदिर में विराजमान शिवलिंग में एक साथ एक हजार शिवलिंग के दर्शन होते हैं। जानकारों के मुताबिक यह मंदिर करीब 1200 वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बना हुआ है। इसका निर्माण परमार वंशीय राजाओं द्वारा कराना बताया जाता है। पत्थर की शिलाओं पर की गई कलाकृतियों को देखकर विदेशी पर्यटक भी दांतों तले अंगुलियां दबाने मजबूर हो जाते हैं। मंडी बामोरा स्टेशन से पूर्व दिशा में आधा किमी दूर मढ़ बामोरा नाम का छोटा सा गांव है मान्यता है कि इस मढ़ की वजह से ही गांव के नाम का उदय हुआ है। पाण्डवों के अज्ञातवास के दौरान उनका समय यहीं आसपास बिताना बताया जाता है। मंदिर के पत्थरों पर की गई नक्कासी अपने आप में बेजोड़ कला का केन्द्र है। मंदिर के चारों तरफ विष्णु, गणेश, ब्रह्मा, नंदी, सूर्य एवं गंधर्व और अप्सराओं की प्रेमरत मूर्तियां बनी है।

**विशेष कोण में बनता है हजारिया**

भगवान शिव का यह हजारिया मंदिर दुर्लभ मंदिरों की श्रेणी में आता है। गांव के साहबराज यादव ने बताया कि सूर्य से विशेष कोण की स्थिति में ही हजारिया मंदिर बनाया जाता है। विद्वान लोग बताते हैं कि हजारिया मंदिर में एक बार दर्शन एवं पूजा अर्चना करने से एक हजार बार का पुण्य लाभ मिलता है। गांव के लगभग सभी लोग प्रतिदिन यहां जल अर्पित करने आते हैं।

**बन सकता है पर्यटक स्थल**

मंदिर आज भी उपेक्षित एवं जीर्ण शीर्ण हालत में है। मुगलकाल में मंदिरों को ध्वस्त करने का काम किया था। संभवतः उसी समय से यह कलाकृति कुछ हद तक नष्ट हो गई थी। यहां के बुर्जुग लोग बताते हैं कि वह मंदिर को इसी हालत में देखते आ रहे हैं। पूर्वजों से भी यही सुनने को मिला है। करीब 25 साल पहले सरकार ने इसे गिरने से बचाने के लिए सीमेंट आदि की छाप करवाई है। स्थान पर अच्छे से ध्यान दिया जाये तो यह एक बड़े स्तर का पर्यटन एवं दर्शनीय स्थल बन सकता है।

**आज निकाली जायेगी बारात**

मढ़ बामोरा के लिए महाशिव रात्रि का पर्व विशेष महत्व रखता है। बीना, खुरई, बासौदा, विदिशा, कुरवाई सहित अनेक जगहों से भक्त मंदिर में जुटते हैं जहां वह भगवान को पूजकर अपनी कामनाओं की पूर्ति के लिए झोलियां फैलाते हैं। रविवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर हर बार की तरह यहां भक्तों का मेला लगेगा एवं शंकर जी की विशाल बारात निकाली जायेगी।

**महाशिव रात्रि आज, गूजेंगे भोलेनाथ के जयकारे**

हिन्दू धर्म के आराध्य देव भगवान शिव शंकर एवं माता पार्वती का विवाह समारोह महाशिव रात्रि के रूप में रविवार को मनाया जायेगा। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगेगा। घंटियों की मधुर झनकार एवं जय जयकारों से मंदिर गूंजते नजर आयेंगे। स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर पर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया जायेगा। इसके अलावा जागेश्वरी शक्तिपीठ, नई बस्ती स्थित भूतेश्वर मंदिर, मारुति मंदिर, बड़ा मंदिर, कटरा मंदिर, जटा शंकर मंदिर, पावर हाऊस स्थित मंदिर, खुरई फाटक स्थित मंदिर सहित अनेक स्थानों




पर विशेष पूजा अर्चना की जायेगी। भक्त धतूरा, भांग, दूध, दही, शहद, आक फूल, जवा की बालियां, फूल एवं जल अर्पित करेंगे।

**विजय की कामना से की थी मूर्ति स्थापना**

बीना से 20 किमी दूर पीहर गांव के पास बीना नदी के सुरम्य तट बरघाट पर महाराजा छत्रसाल ने पठारी नबाव पर आक्रमण के वक्त नदी के किनारे भोलेनाथ के विजय की कामना कर यह मूर्ति स्थापित कराई थी। यहां पर प्रतिवर्ष शिवरात्रि पर विशाल मेला लगता है। महाराजा छत्रसाल द्वारा स्थापित की गई प्रतिमा दर्शनीय है। लोगों की इस प्रतिमा के प्रति आस्था है कि जो भी यहां लोग मनोकामना लेकर आते हैं उनकी मनोकामना पूर्ण हो जाती है।

# 27वें स्थापना दिवस पर धूमधाम से निकाली गई सांई रथयात्रा

**फलों के रस से किया सांईबाबा का अभिषेक, जगह-जगह हुआ स्वागत**





**बीना जागरण।** शनिवार को माँ जागेश्वरी स्थित सांईबाबा मंदिर से सांई रथयात्रा निकाली गई। जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुये वापिस मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई। माँ जागेश्वरी शक्तिपीठ में विराजमान शिर्डी वाले सांईबाबा की अतुलनीय सुंदर प्रतिमा के 27 वें स्थापना दिवस पर विशाल रथयात्रा एवं महाप्रसाद वितरण समारोह में नगरवासियों और सांई भक्तों ने कार्यक्रम की जिस भव्यता और विशालता की कल्पना की थी उससे भी कहीं अधिक बड़कर सांईबाबा की रथयात्रा को भक्तों ने ऐतिहासिक रथयात्रा में तब्दील कर दिया। सांई रथयात्रा की भव्यता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस रथयात्रा में रात्रि 9 बजे तक सांईभक्ति की महक में डूबे श्रद्धालु शामिल रहे। बाबा की इस ऐतिहासिक रथयात्रा में दर्जनों स्थानों पर कई सांईभक्तों ने अपने-अपने अंदाज में खीर, पूरी, हलवा, खिचड़ी, रसगुल्ले, कॉफी, चाय, शरबत, दूध, आईसक्रीम, बूंदी सेव, गाजर का हलवा, केला आदि विभिन्न प्रकार की वस्तुओं से बाबा की यात्रा में शामिल यात्रियों का स्वागत किया।

**गुलाब और गेंदा से महका पूरा मंदिर परिसर**

गेंदा एवं गुलाब के फूल बाबा के मंदिर सजाने के लिये बुलाये गये थे। माँ जागेश्वरी मंदिर प्रांगण में सांई भक्त महिलाओं एवं लड़कियों द्वारा फूलों की लंबी-लंबी मालायें तैयार की गईं। लगभग 500 लंबी मालाओं एवं सैकड़ों गुलाबों से सांई मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया। पूरा मंदिर परिसर गुलाब और गेंदा के फूलों की खुशबू से महक उठा था।

**फलों के रस से किया महाभिषेक**

सुबह 7 बजे सांईधाम में शिर्डी वाले सांईबाबा का महाभिषेक संपन्न किया गया। जिसमें पंचामृत सहित 7 फलों के रस, गुलाबजल, गुलाब पंखुड़ियों से बाबा का महाभिषेक किया गया। इसके पश्चात बाबा का विशेष श्रृंगार सांई भक्तों ने किया। बाबा के श्रृंगार के उपरांत बाबा की आरती की गई।

**रथ पर बैठकर नगर भ्रमण पर निकले सांईबाबा**

शाम लगभग 6 बजे से सांई बाबा की रथयात्रा प्रारंभ हुई। सबसे आगे हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन एवं अन्य धर्मों के प्रतीक चिन्हों का पोस्टर लिये हुये भक्तगण चल रहे थे और बाबा के वचन सबका मालिक एक का संदेश दे रहे थे। बैंड बाजों, ढोलों, ढपलों एवं डीजे पर बाबा की धुनों पर थिरकते ओम सांई राम लिखी टोपियां पहने सफेद परिधानों में भक्तगण चल रहे थे। स्थान-स्थान पर बहुरंगीय आतिशबाजियां भक्तों द्वारा की जा रही थीं और बाबा के रथ पर गुलाब और गेंदा की पंखुड़ियों की बारिश से सड़कें फूलों से ढक गई थीं। रात्रि लगभग 9 बजे रथयात्रा वापिस सांई मंदिर परिसर में पहुँची जहां बाबा की शयन आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। यात्रा के दौरान शिर्डी से लाई गई रेवड़ियों एवं बाबा की उदी का वितरण किया जाता गया।

**आधा सैकड़ा स्थानों पर हुआ यात्रा स्वागत**

सांई रथयात्रा में शामिल रथयात्रियों का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। जिसमें कच्चा रोड, जैन मंदिर स्कूल के पास, कच्चा रोड पर गौ शाला, मारूति मंदिर, सर्वोदय चौक, कॉलेज तिराहा, नगरपालिका परिषद, आचवल पेट्रोल, गांधी तिराहे, सागर गेट, भारत टॉकीज, बड़ी बजरिया, महावीर चौक पर स्वागत किया गया।

### पुलवामा में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि



**बीना जागरण।** 14 फरवरी 2019 को हुए पुलवामा हमले में शहीद हुए भारत माता के वीर सपूतों को शनिवार को शहर के शहीद भगतसिंह पार्क में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने एकत्र होकर शहीदों को नमन किया तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी शहादत को याद किया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद बी.डी. रजक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी और कहा कि 14 फरवरी 2019 का दिन देश के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज है, जब आतंकवादियों ने कायराना हरकत करते हुए हमारे बहादुर जवानों पर आत्मघाती हमला किया था। इस हमले में अनेक सीआरपीएफ जवानों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। श्री रजक ने अपने वक्तव्य में कहा कि पुलवामा में शहीद हुए जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। देश उनकी शहादत को कभी नहीं भूलेगा। हमें उनके त्याग और समर्पण से प्रेरणा लेकर राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे देशभक्ति की भावना को अपने जीवन में आत्मसात करें और समाज तथा राष्ट्र के हित में कार्य करें। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भारत माता की जय और शहीद अमर रहें के नारों के साथ वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने शहीदों की स्मृति में राष्ट्रहित में कार्य करने और आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट रहने का संकल्प लिया।

### शासकीय महाविद्यालय खिमलासा में छात्रों द्वारा प्रयोगशालाओं का भ्रमण



**बीना जागरण।** शासकीय महाविद्यालय खिमलासा की प्राचार्य सुश्री पूर्वा सांगलीकर के दिशा निर्देशानुसार महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग के तत्वाधान में विभागाध्यक्ष डॉ.विकास कुमार नामदेव एवं शिक्षक चंद्रभान साकेत के मार्गदर्शन में बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को डॉ.हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय में रसायन शास्त्र विभाग में विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय में कार्यरत डॉ.केबी जोशी की शोध प्रयोगशाला का भ्रमण किया एवं सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च के अंतर्गत स्कैनिंग एवं ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी, गैस एवं लिक्विड क्रोमैटोग्राफी, नाभिकीय चुंबकीय अनुनाद स्पेक्ट्रोमीटर एवं अन्य वैज्ञानिक उपकरणों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। विश्वविद्यालय में शोध कर रहे शोधार्थियों द्वारा रसायन विज्ञान में शोध एवं अध्ययन संबंधी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। डॉ.विकास कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय का यह भ्रमण निश्चित ही विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध के प्रति प्रोत्साहित करेगा।

### सामाजिक संगठनों ने शासकीय चिकित्सालय में चलाया स्वच्छता जागरुकता अभियान



**बीना जागरण।** सामाजिक स्वैच्छिक संगठनों के संयुक्त प्रयास से शनिवार को शासकीय चिकित्सालय परिसर में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विभिन्न संस्थाओं के स्वयंसेवकों ने अस्पताल के सभी वार्डों एवं बरामदों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक निर्मला सप्रे तथा एसडीएम विजय डेहरिया ने स्वयंसेवकों के साथ मिलकर अस्पताल की सफाई में सक्रिय सहभागिता की। उन्होंने स्वच्छता को स्वास्थ्य से जोड़ते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण से ही बेहतर उपचार और स्वस्थ समाज की नींव पड़ती है। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक नीरज शर्मा सहित नवांकुर संस्था ढांड ग्राम विकास समिति से जगदीश कुशवाहा, अंजनी जन कल्याण समिति से नंदराम कुशवाहा, अंजनी रतन सेवा समिति से देवेंद्र राय तथा तरुण संस्कार समिति से अभिषेक राय ने स्वच्छता कार्य में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान संस्था समन्वय मंडपम के सचिव सत्यजीत सिंह ठाकुर ने स्वच्छता को प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य बताते हुए कहा कि इसे सामूहिक जिम्मेदारी मानकर दैनिक जीवन की आदत में शामिल करना चाहिए। उन्होंने सभी से सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संकल्प लेने का आग्रह किया। अंत में जन अभियान परिषद के नवांकुरों द्वारा अस्पताल प्रबंधन को बेडशीट भेंट की गई। कार्यक्रम के माध्यम से मरीजों, परिजनों और स्टाफ के बीच स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ।

## न्यूज कार्नर

### शिवरात्री पर मंदिरो में उमड़ेगी भक्तों की भीड़

**जागरण,छतरपुर ।** शिवरात्री के पावन पर्व पर बुन्देलखण्ड के मिनी केदारनाथ जटाशंकर धाम और खजुराहो के मतंगेश्वर मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रहेगी। भगवान भोले नाथ को जल चढ़ाने के लिए दूर दराज से लोग पहुंचते हैं। और भगवान भोले नाथ को जल चढ़ाकर अपनी मनोकामना पूरी करने की मांग रखते हैं। जटाशंकर धाम एवं खजुराहो के मतंगेश्वर मंदिर में विधिविधान के साथ भगवान शंकर और माता पार्वती के विवाह की रस्में पूरी होंगी। मंडप से लेकर शादी की रस्म के कार्यक्रम हिन्दू रीति रिवाज के साथ संपन्न होंगे। मंडप के दिन भगवान भोले नाथ को हल्दी चढ़ाई गई और मंडप की पंगत दी गई जिसमें हजारों लोगों ने भोजन प्राप्त किया। खजुराहो एवं जटाशंकर में भारी जनसैलाब उमड़ता है। प्रशासन द्वारा भी व्यवस्थाएं की जाती है ताकि किसी प्रकार की कोई घटना न घट सके। शिवरात्री के दिन सुबह 3 बजे से ही भक्त भोलेनाथ को जल चढाने के लिए पहुंचने लगते हैं। इसके अलावा जिले के सभी शिवमंदिरों में बम भोले के जयकारों की गूंज के साथ माता पार्वती और भोलेनाथ का विवाह धूमधाम के साथ सम्पन्न होगा। छतरपुर शहर में भी संकटमोचन मंदिर में यह कार्यक्रम सम्पन्न होता है और इसके पहले भगवान भोलेनाथ की बारात भी धूमधाम के साथ निकाली जाती है।

### वंडर कॉन्वेंट स्कूल में मनाया मातृ पितृ दिवस

**जागरण,टीकमगढ़।** शहर के वंडर कॉन्वेंट स्कूल में आज 14 फरबरी को मातृ पितृ दिवस के रूप में उत्सव मनाया गया। एक ओर जहां युवा पाश्चात्य संस्कृति से प्रेरित होकर 14 फरबरी के दिन को वेलेंटाइन डे के रूप में मनाते हैं, वहीं वंडर कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन ने इस विशेष आयोजन के जरिए बच्चों को सनातनी परंपरा से जोड़ने का प्रयास किया है इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों के अभिभावक भावविभोर नजर आए और इसे बहुत ही अच्छी पहल बताया। साथ साथ अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन से आग्रह करते हुए कहा कि आगे भी स्कूल प्रबंधन से ऐसे कार्यक्रम भव्य स्तर पर आयोजित कराया जाना चाहिए।

**बैठक में एसडीएम विजय द्विवेदी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे**

# कलेक्टर और केन बेतवा प्रभावितों के बीच डेढ़ घंटे चली बातचीत



**जागरण,छतरपुर ।** केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित गांवों के मुद्दों को लेकर आज प्रतिनिधिमंडल की जिला कलेक्टर पार्थ जायसवाल के साथ लगभग डेढ़ घंटे तक विस्तृत और सार्थक चर्चा हुई। बैठक में एसडीएम विजय द्विवेदी सहित प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। लंबी वार्ता के बाद प्रशासन की सकारात्मक पहल को देखते हुए प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार से प्रस्तावित न्याय नहीं तो बंद नहीं आंदोलन को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया। सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर ने कहा कि कलेक्टर से हुई बातचीत से प्रभावित परिवारों को राहत मिलती दिख रही है, लेकिन उनका अंतिम उद्देश्य न्याय सुनिश्चित करना है और यदि निर्णय जमीन पर लागू नहीं हुए तो आंदोलन फिर तेज किया जाएगा, उन्होंने स्पष्ट किया कि हमने आंदोलन बंद नहीं किया, कलेक्टर महोदय की पहल सिर्फ स्थगित किया है। बैठक में प्रशासन एवं प्रभावित ग्रामीणों के बीच संवाद बढ़ाने तथा कानून का पालन करते हुए मानवीय, आदिवासी एवं महिला अधिकारों को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी।

**बैठक में हुए प्रमुख निर्णय**

परियोजना की पूरी प्रक्रिया कानून का पालन करते हुए आगे बढ़ाई जाएगी। आदिवासी अधिकार, महिला अधिकार और मानवीय पहलुओं को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रशासन एवं प्रभावितों के बीच संवाद बनाए रखने के लिए प्रतिनिधिमंडल लगातार कलेक्टर से संपर्क में रहेगा। महिलाओं पर पुलिस द्वारा हुए लाठीचार्ज की जांच कर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। प्रभावित गांवों में ग्राम सभा, आम सभा एवं महिला सभा का आयोजन कराया जाएगा। परियोजना क्षेत्र का पुनः सर्वे कराया जाएगा। विस्थापन की स्थिति में गांव के बदले सर्वसुविधायुक्त गांव बसाने का आश्वासन। प्रभावितों के जरूरी दस्तावेज बनवाने में सरकारी सहायता दी जाएगी। जिन मछुआरों के पास समिति व मछुआरों को उनके अधिकारों व मुआवजा। मंदिर, मस्जिद, मठ सहित सभी धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का सर्वे कर ट्रस्ट बनाकर उचित राशि दी जाएगी। लावारिस, नाबालिग, दिव्यांग एवं कमजोर वर्गों के मामलों पर संवेदनशीलता से विचार किया जाएगा। इन मांगों को कलेक्टर द्वारा शासन को भेजने का आश्वासन दिया गया। महिला एवं पुरुष दोनों के संयुक्त नाम पर 5 एकड़ जमीन देने की मांग। महिलाओं के लिए अलग पैकेज राशि का प्रावधान।

**आंदोलन पर निर्णय**

अमित भटनागर ने कहा कि परियोजना में कानून का पालन न होने और उचित मुआवजा न मिलने के कारण बांध कार्य को रोका गया था तथा न्याय नहीं तो बाँध नहीं आंदोलन के तहत पुनः रोकने की तैयारी थी। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सकारात्मक पहल को देखते हुए फिलहाल आंदोलन स्थगित किया गया है। कलेक्टर पार्थ जायसवाल के नेतृत्व में प्रशासन ने सार्थक पहल की है, जिसका हम स्वागत करते हैं और भरोसा जताते हैं। हमें संवाद से राहत मिली है, पर हम डरकर नहीं बल्कि न्याय लेकर ही रुकेंगे। यदि निर्णय जमीन पर लागू नहीं हुए और सिर्फ कागज तक सीमित रहे, तो इस बार आंदोलन और व्यापक होगा जिसमें सैकड़ों गांव, सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरण प्रेमी और आदिवासी अधिकारों के लिए काम करने वाले लोग शामिल होंगे।बैठक में कलेक्टर पार्थ जायसवाल, एसडीएम विजय द्विवेदी प्रतिनिधिमंडल - सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर, वरिष्ठ अधिवक्ता व कानून विशेषज्ञ एम.एस. खरे, पार्षद दिव्या अहिरवार, बिहारी आदिवासी,पलकौहा पूर्व सरपंच चूरा अहिरवार, चंद्र प्रताप परमार उपस्थित रहे।

# पुरानी टेहरी मोहल्ले में घर में ही व्यक्ति की हत्या



**जागरण,टीकमगढ़।** शहर के पुरानी टेहरी मोहल्ले में सुबह के वक्त तब सनसनी फ़ैल गईं ज़ब एक घर में व्यक्ति का संदिग्ध हालत में शव मिला। मृतक का सिर कुचला हुआ था और दीबारो पर खून के निशान फैले हुए थे। उक्त घटना की सूचना ज़ब कोतवाली पुलिस को दी गईं। तब कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक, अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। इसी दरम्यान उन्होंने बरिष्ठ अधिकारियो को भी सूचित किया। उक्त सूचना मिलते ही एसडीओपी राहुल कटरे भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। कोतवाली पुलिस ने उक्त घटना को लेकर मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही मृतक की पत्नी व बेटे को भी गिरफ्तार कर लिया है। शहर के पुरानी टेहरी मोहल्ले में शनिवार की सुबह 45 साल के रामकिशोर रजक का शव उनके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। प्रारंभिक जांच में यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। क्योंकि मकान की दीवारों पर खून के निशान मिले है। रामकिशोर अपने घर में पत्नी सीमा और एक बेटे के साथ रहते थे। उनका दूसरा बेटा दिल्ली में रहता है। पुलिस को घटनास्थल पर मकान की दीवारों पर खून के निशान और फर्श के टूटे हुए टुकड़े मिले हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घर का निरीक्षण किया। पुलिस ने पूछताछ के लिए मृतक की पत्नी सीमा और बेटे को हिरासत में लिया है। घटनास्थल को सील कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। घटनास्थल पर मकान की दीवारों पर खून के निशान मिले हैं। कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने बताया कि डॉग स्क्वॉड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट से घटनास्थल की जांच कराई जा रही है। पत्नी और बेटे से पूछताछ की जा रही है। शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# वसूली अभियान तक सीमित रह गई ट्राफिक पुलिस



**जागरण,छतरपुर ।** शहर की यातायात व्यवस्था बनाने के लिए शासन ने यातायात थाना खोल रखा है और इस थाने में टीआई सहित भारी भरकम अमला पदस्थ है। लेकिन यह अमला शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ बनाने में सफल तो नहीं है लेकिन वसूली अभियान में जरूर सफल है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद भी ट्राफिक पुलिस का वसूली अभियान थमने का नाम नहीं ले रहा है। सागर रोड में ललौनी तिगड्डे के पहले ट्राफिक पुलिसकर्मी वाहन लेकर पहुंच जाते हैं और वहां से आने जाने वाले वाहनों को रोककर खुलेआम वसूली करते हैं। यह एक दिन का कार्य नहीं है बल्कि प्रतिदिन सुबह से ट्राफिक पुलिसकर्मी अपना अभियान शुरू कर देते हैं। कभी कभी स्थान जरूर बदल दिया जाता है। और महोबा रोड में ओवर ब्रिज के पास चेकिं ग प्वांइट लगा दिया जाता है। अभी इन दिनों पूरा पुलिस प्रशासन बागेश्वर धाम की व्यवस्थाओं में जुटा हुआ है और पुलिस प्रशासन की इसी व्यस्तता का लाभ उठाकर ट्राफिक पुलिसकर्मी भी वसूली अभियान में जुटे हुऐ हैं। सागर रोड में दो पुलिसकर्मियों को वाहन रोककर वसूली करते हुए देखा गया जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जबकि शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। और इस चरमराई हुई यातायात व्यवस्था को बनाने के लिए कोई ट्राफिक पुलिसकर्मी नजर नहीं आता है। यदि बात की जाती है तो यह कहा जाता है अभी समूचा अमला बागेश्वरधाम की ट्राफिक व्यवस्था बनाने में लगा हुआ है। लेकिन जो सागर रोड में वसूली कर रहे हैं। क्या उनकी डियूटी बागेश्वर धाम नहीं लगाई गई या फिर वह डियूटी छोडकर वसूली अभियान जारी रखकर पुलिस अधीक्षक के निर्देशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

# जमीन विवाद में अपहरण करने वाले देवेन्द्र एवं प्रमोद सिंह को आजीवन कारावास की सजा व अर्थदण्ड

**जागरण,लवकुशनगर।** अभियोजन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रामलखन ने थाना जुझारनगर में रिपोर्ट लेख करायी कि वह ग्राम खुड़ेरी में रहता है। गांव के देवेन्द्र सिंह से उसके बड़े भाई मुन्ना उर्फ देवीप्रसाद अग्निहोत्री ने जमीन की रजिस्ट्री कराने के नाम पर कुछ रूपये लिए थे, अभी रजिस्ट्री नहीं हुई है। देवेन्द्र सिंह के रूपये भी वापिस नहीं कर पाए है। दिनांक 11.05.2019 को दिन के करीब 03 बजे होंगे कि देवेन्द्र सिंह और उसका भाई प्रमोद सिंह तथा उनके साथ दो अज्ञात व्यक्ति एक सफेद रंग की चार पहिया गाड़ी से आये, उसके फाटक खुले थे तो चारो लोग उनके घर में घुस कर उसके बड़े भाई मुन्ना उर्फ देवीप्रसाद को पकड़कर गाड़ी में बिठाकर कहीं ले गए। पूछने पर देवेन्द्र सिंह कह रहा था कि जब जमीन की रजिस्ट्री करवा दोगे तब इसे छोड़ेगे। इन लोगों ने उनकी मूल्यवान जमीन को कम रूपये में प्राप्त करना चाहते है। इसीलिए उसके भाई को कहीं अज्ञात जगह में छिपाकर रखे हैं और उसका अपहरण जबरन कर ले गए हैं। उस समय मौके पर गांव के मोहन सिंह, दद्दू सिंह और उज्जवल सिंह ने देखा है। फरियादी द्वारा लेख करायी गयी उक्त रिपोर्ट को देहाती नालशी के रूप में लेख किया गया। उक्त देहाती नालशी के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना जुझारनगर में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की गयी। दौरान विवेचना फरियादी एवं अन्य साक्षीगण के कथन लिए गए। अपहर्त देवीप्रसाद की दस्तयाबी की गयी। अभियुक्तगण के मैमोरेण्डम कथन लिए गए। मेमोरेण्डम कथन के आधार पर अभियुक्तगण से प्रकरण से संबंधित सम्पत्ति जब्ती की गयी तथा अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की शिनाख्तगी करायी गयी। सम्पूर्ण अनुसंधान उपरान्त अभियुक्तगण के विरूद्ध संबंधित न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक, सुखेन्द्र सिंह परिहार द्वारा की गई। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक/एडीपीओ किशोरी लाल प्रजापति ने पैरवी करते हुये मामले के सभी सबूत एवं गबाह कोर्ट में पेश किये विचारण उपरांत अपर सत्र न्यायाधीश के अतिरिक्त न्यायाधीश मोहम्मद अरशद तहसील लवकुशनगर जिला छतरपुर के न्यायालय ने आरोपी देवेन्द्र सिंह एवं प्रमोद सिंह को भादवि की धारा 364 क में आजीवन करावास, धारा 347 में 1 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 450 में 4 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 365 में 3 वर्ष का सश्रम कारावास से एवं 2000-2000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### वैलेंटाइन डे का शिवसेना ने किया विरोध प्रदर्शन



**जागरण, गंजबासौदा।** शिवसेना ने जयस्तंभ चौराहे पर वैलेंटाइन डे का विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने वैलेंटाइन डे का पुतला दहन कर अपना रोष व्यक्त किया। यह प्रदर्शन 14 फरवरी को लेकर किया गया था। शिवसेना नेताओं ने स्पष्ट किया कि वे प्रेम के विरोधी नहीं हैं, बल्कि प्रेम की आड़ में फैलाई जा रही अश्लीलता का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि आज के युवा भारतीय संस्कृति को भूलकर विदेशी सभ्यता अपना रहे हैं, जिसे शिवसेना स्वीकार नहीं करेगी। जिला अध्यक्ष विजेंद्र देवा लोधी ने बताया कि 14 फरवरी का दिन देश के लिए काला दिवस है। उन्होंने कहा कि इसी दिन वीर सपूतों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी की सजा सुनाई गई थी। इसके अलावा, इसी दिन पुलवामा हमले में 40 जवान शहीद हुए थे, जिससे कई घरों के चिराग बुझ गए और माताओं-बहनों के सुहाग उजड़ गए। शिवसेना इस दिन को हमेशाकाला दिवस के रूप में मनाती रहेगी। इस विरोध प्रदर्शन में शिवसेना जिला अध्यक्ष विजेंद्र देवा लोधी, जिला मंत्री जितेन्द्र कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी नीरज जैन, नगर अध्यक्ष अनिकेत राजपूत, पंचवीर अध्यक्ष नारायण कुशवाहा और गुरोद अध्यक्ष हिमांशु कुशवाहा सहित कई पदाधिकारी और सैकड़ों शिव सैनिक उपस्थित रहे।

**चार पहिया वाहनों की केवटन नदी में होगी पार्किंग**

# महाशिवरात्रि की तैयारियां पूर्ण यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान




**जागरण, गंजबासौदा।**

महाशिवरात्रि के पर्व पर उदयपुर स्थित भगवान नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में लाखों की तादाद में श्रद्धालु महादेव के दर्शन के लिए आते हैं। इसके लिए स्थानीय पुलिस एवं राजस्व प्रशासन द्वारा मेले से पूर्व तैयारी प्रारंभ कर दी थी7 मंदिर में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुचारु यातायात व्यवस्था बनी रहे इसके लिए यातायात पुलिस द्वारा वाहन पार्किंग की दृष्टि एवं रोड डायवर्सन निर्धारित कर दी है इस बार उदयपुर में गंजबासौदा तरफ से आने वाले श्रद्धालु - चार पहिया वाहन कार, ट्रैक्टर, लोडिंग आदि की पार्किंग केवटन नदी में रखी गई है। साथ ही बासौदा तरफ से आने वाले दो पहिया वाहन-मोटर साइकिल की पार्किंग शराब की दुकान के पीछे स्थित ग्राउंड, वेयरहाउस एवं वत्सल स्कूल परिसर में की जाएगी।

### पठारी तरफ से आने वाले वाहन

चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों की पार्किंग के खाली पड़े खेत में की जाएगी। घटेरा तरफ से आने वाले वाहन- चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों की पार्किंग महामाई मंदिर के सामने खाली पड़े मैदान में की जाएगी। मुरादपुर रोड तरफ से आने वाले वाहन-दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग शासकीय चिकित्सालय उदयपुर में रखी गई है।

### इस रूट पर रहेगा डायवर्जन

उदयपुर में शिवरात्रि मेले को लेकर प्रतिवर्ष स्थानीय प्रशासन द्वारा दो पहिया चार पहिया एवं भारी वाहनों के लिए रूट तैयार करती है इस वर्ष भी कुछ बदलाव किए है। पठारी से उदयपुर होकर गंजबासौदा जाने वाले वाहन घटेरा होकर गंजबासौदा जा सकेंगे। घटेरा से उदयपुर होकर गंजबासौदा जाने वाले वाहन उदयपुर की ओर न आकर सीधे घटेरा से गंजबासौदा जा सकेंगे। बासौदा से उदयपुर होकर घटेरा एवं पठारी जाने वाले वाहन बरेठ एवं कलार होकर जाना पडेगा और भारी वाहनो को ग्राम हथोड़ा, पठारी एवं घटेरा से उदयपुर की ओर आने वाले हैवी वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

### पाठक संघ ने दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई

**जागरण, गंजबासौदा।**

शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वाधान में स्वामी दयानंद सरस्वती जी की जयंती मनाई गई। इस दौरान संयोजक दीपक तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वामी जी का जन्म 12 फरवरी 1824 को टंकारा गुजरात में हुआ था, वह हिंदू तपस्वी और समाज सुधारक थे। उन्होंने 1875 में हिंदू समाज का सशक्त सुधार आंदोलन स्थापित किया। उनका उद्देश्य वेदों को पुनः स्थापित करना था जो सबसे पुराने ग्रंथ हैं, जिन्हें सत्य के रूप में स्थापित किया गया है दयानंद सरस्वती अंधविश्वास और रूढ़ियों के खिलाफ थे उन्होंने बाल विवाह और बहु विवाह प्रथा बंद करने का आवाहन किया कार्यक्रम के दौरान दयानंद सरस्वती द्वारा किए गए कार्य को पूरा करने का संकल्प लिया गया उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया इस अवसर पर कु भाव्या राजे पिंगले राघव पिंगले अनेक पाठक गण उपस्थित थे।

# यूएस ट्रेड डील के विरोध में केंद्रीय मंत्री का पुतला जलाया



**जागरण, गंजबासौदा।**

मप्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के आव्हान पर एवं पूर्व विधायक बासौदा निशंक जैन के निर्देशानुसार को समस्त बासौदा विधानसभा के मुख्य चौक चौराहा पर केंद्रीय कृषि मंत्री एवं विदिशा सांसद शिवराज सिंह चौहान का किसान विरोधी यूएस ट्रेड डील के विरोध में पुतला जलाया गया। जिसमें नगर के सिरोंज चौराहा एवं इमली चौराहा पर मुख्य रूप से बीडी शर्मा, डॉ अशोक रोहले, अंसार मंसूरी, प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस अपूर्व जैन, जिला उपाध्यक्ष युवक कांग्रेस सौरभ दुबे, पलाश जैन, विनय राय, आदिल खान, अमित बघेल, नदीम पठान, रविन्द्र नागौरी, असलम खान, अंशुल अहिरवार, महेंद्र अहिरवार, शिवम् विश्वकर्मा, अभिषेक राजपूत, शिवम् जैन, फरीद मसूरी,यश बालोटिया, आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांगों को वितरित किए सहायक उपकरण



**जागरण, सिरोंज।**

माध्यमिक शाला हाजीपुर के परिसर दिव्यांग विद्यार्थियों का विकासखंड स्तरीय सहायक उपकरण वितरण एवं नगरपालिका के द्वार कराये जा रहे विभिन्न निमार्ण कार्यो के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम विधायक उमाकांत शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ जिसमें 70 दिव्यांगों विद्यार्थियो को 3 लाख 60 हजार की लागत से विभिन्न सहायक उपकरण प्रदाय किए गए। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र एवं भारत माता के चित्र पर माल्यापर्ण एवं कन्या पूजन से किया गया तथा विधायक जी के द्वारा उपस्थित सभी दिव्यांगो विद्यार्थियों पर पुष्पवर्षा कर एवं पटका पहना कर उनका सम्मान किया गया। जिसमें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि दिव्यांग कोई भी हो सकता है जन्म से भी हो सकता है और जन्म के बाद भी हो सकता है सरकार सदैव दिव्यांगो के हित के लिये अनेक प्रयासो एवं अनेक योजनाओ का संचालन कर रही है पूर्व में भी शासन एवं समाज के सहयोग से हमने पोलियो जैसी बीमारियो को हराया है हम सबको भी मिलकर इनके सहयोग करने की आवश्यकता है वही विधायक जी के द्वारा उपस्थित अधिकारियो से बात करते हुए पूछा कि इन दिव्यांगो विद्यार्थियों की आप परीक्षा कैसे कराते है जिस पर बीईओ उमेश सोनी ने कहा कि दिव्यांग बालक बोलता है और उसका सहपाठी उसे लिखता है उन्होने कहा कि छोटे बच्चो की परीक्षा कैसे होती है। जिस पर उपस्थित बीआरसी के द्वारा ब्रेल लिपि की पड़ाई की बात कहीं गई।

### 5 लाख की लागत से भवन निर्माण की घोषणा

कार्यक्रम में विधायक उमाकांत शर्मा ने ब्रेल लिपि के शिक्षको की अध्ययन की जानकरी ली गई। जिसमें उपस्थित जिला सहायक परियोजना समन्वयक ज्योति केदारे ने बताया कि सिरोंज विकासखंड में 6 शिक्षक ब्रेल लिपि में पड़ाने के लिए प्रशिक्षित किये गये है तथा हमारा प्रयास रहता है कि इन बच्चों को आगे व्यवसाये से जोड़ा जायें वही विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा इन छात्रो की पड़ाई प्रभावी और अच्छे ढंग से हो सके इसके लिये 5 लाख रूपये की लागत से दिव्यांग शिक्षण कक्ष बनवाये जाने की घोषणा की। इस दौरान विधायक के द्वारा जिला सहायक परियोजना समन्वयक ज्योति केदारे एवं ब्रेल लिपि में प्रशिक्षित शिक्षिका फरहत उन्नीसा का सम्मान भी किया। इस दौरान बीआरसी जितेन्द्र श्रीवास्तव के द्वारा कार्यक्रम की भूमिका वक्तव्य रखते हुए कहा कि सरकार के द्वारा सहायक उपकरण वितरण के साथ भी अन्य योजनायें, जिनमें परिवहन भत्ता 300 रूपये माह एवं वाचक के लिये 250 रूपये माह एवं स्टाईपेंड के रूप में 2 हजार रूपये देने के साथ अन्य योजनायें भी संचालित की जा रही है।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाव सिंह कुर्मी के द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये। विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा विद्यालय, आंगनवाड़ी एवं बीआरसी कार्य का अवलोकन भी किया गया। इस मौके पर नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, सांईनाथ, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, संतोष चौरे, हरिचरण अहिरवार, सचिन शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, दिव्यांगजन एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। जिसमें कार्यक्रम में मंच संचालन सतीष श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।

# पुतला दहन : कांग्रेस की रणनीति के आगे प्रशासन फेल, जगह-जगह फूंके केंद्रीय मंत्री के पुतले



**जागरण, लटेरी।**

प्रशासन फैल कांग्रेस की रणनीति सफल आज ट्रेड डील रद्द को लेकर लटेरी तहसील में पंचायत एवं वार्ड स्तर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लटेरी अध्यक्ष यदुवीर सिंह एडवोकेट द्वारा बताया कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लटेरी सहित उपब्लाक आनन्दपुर, मुरवास, नगर में केंद्रीय कृषि मंत्री का पुतला दहन कार्यक्रम शत्-प्रतिशत सफल रहा। यदा कदा पुलिस प्रशासन द्वारा पुतलों पर पानी डालकर बुझाने का प्रयास किया। प्रशासन की तमाम तैयारियां के बीच पंचायत एवं वार्ड स्तर पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता पुतला दहन करने में सफल रहे। किसानों के हितों में कांग्रेस पार्टी सदैव किसानों के साथ खड़ी है। पुतला दहन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले सभी मंडलम अध्यक्ष, ग्राम पंचायत अध्यक्ष, बीएलए की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुतला दहन प्रभारी श्रीदेवी सिंह पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं गुड्डू भाई ने मलनिया में सुखपाल सिंह राजपूत, राजेन्द्र सिंह डब्बू बना, टीकम सिंह, दीप सिंह, ऋतुराज बना ने मुण्डेला मंडलम की पंचायतों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। प्रदीप शर्मा, चंद्रभान बघेल, ऋतिक बघेल ने बामनखेड़ी सेक्टर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नगर की जिम्मेदारी गुलाबसिंह अध्यक्ष, नीरज अग्रवाल, डॉ. अरविंद धाकड़, अजहर भाई, नसरुद्दीन, हसीन खान एवं आनंदपुर उपब्लाक में नवीन करेरिया अध्यक्ष, लल्लीराम जाटव जी मनीष प्रजापति, चन्द्रभान यादव सहित मंडलम अध्यक्ष एवं वरिष्ठ जनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही सफल कार्यक्रम के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लटेरी अध्यक्ष यदुवीर सिंह द्वारा कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारीयों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### खेत में सिंचाई करने के दौरान लगा करंट, मौत

**जागरण, लटेरी।**

क्षेत्र में खेत में सिंचाई करते समय करंट लगने से एक 40 वर्षीय किसान की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम पंचायत गोलाखेड़ा के मजरा धरनावदा निवासी प्रहलाद सिंह यादव (40) शुक्रवार सुबह अपने खेत पर पानी लगाने गए थे। वे आमतौर पर दोपहर 12 बजे तक घर लौट आते थे, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटे, जिससे परिजनों को चिंता हुई। प्रहलाद सिंह के बेटे अमित यादव उन्हें तलाशते हुए खेत पहुंचे, लेकिन वे वहां नहीं मिले। आसपास के गांवों में भी पूछताछ की गई, पर कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद परिजन और ग्रामीण दोबारा खेत पर पहुंचे और गहनता से तलाश की। काफी खोजबीन के बाद प्रहलाद सिंह यादव खेत में अचेत अवस्था में पड़े मिले। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।

### पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**जागरण, इटारसी।** पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर आज शनिवार शाम को शहर के जयस्तंभ चौक पर देशभक्ति का माहौल नजर आया। संडे सोशल फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों और आम नागरिकों ने वर्ष 2019 में शहीद हुए 40 वीर जवानों को कैंडल जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की।

### भाजपा का आजीवन सहयोग निधि अभियान

**जागरण, इटारसी।** भाजपा नगर मंडल इटारसी द्वारा अंत्योदय के प्रणेता और प्रखर राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर पार्टी की मजबूती और संगठन विस्तार के लिए आजीवन सहयोग निधि संग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

## न्यूज कार्नर

### आज सजेगा कुश्ती का भव्य दंगल, प्रदेशभर के पहलवान दिखाएंगे दम

**विदिशा।** शंकर अखाड़ा द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आज 15 फरवरी को विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया जा रहा है। स्व. उस्ताद अनिल चाचा की स्मृति में आयोजित इस प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में समस्त मध्य प्रदेश के दिग्गज पहलवान अपना कौशल दिखाएंगे। चरण तीरथ मंदिर पर आयोजित इस दंगल में 4 वजन वर्गों में मुकाबले होंगे। विजेताओं को नगद राशि एवं गुरुज, शील्ड से नवाजा जाएगा। यह आयोजन सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक होगा एवं कुश्ती प्रारंभ दोपहर 2 बजे से शंकर अखाड़ा में होगा।

### एसडीएम ने कराया अपने बच्चों का आंगनबाड़ी में दाखिला



**गंजबासौदा।** एसडीएम अनुभा जैन ने अपने बच्चों का नामांकन स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र में कराकर स्थानीय नागरिकों को सकारात्मक संदेश दिया है। स्थानीय स्तर पर अक्सर अभिभावक छोटे बच्चों को सीधे निजी प्ले.स्कूल में भेजना पसंद करते हैं, जबकि सरकारी आंगनबाड़ी केंद्रों से दूरी बनाए रखते हैं। ऐसे माहौल में अधिकारी द्वारा अपने बच्चों को आंगनबाड़ी भेजना लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। क्षेत्र के कई अभिभावकों ने इसे अच्छी पहल बताया। उनका कहना है कि जब अधिकारी स्वयं सरकारी व्यवस्था पर भरोसा कर रहे हैं, तो आम लोगों को भी अपने बच्चों के शुरुआती शिक्षा और पोषण के लिए आंगनबाड़ी से जुड़ना चाहिए। एसडीम अनूभा जैन ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा, पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण जैसी सुविधाएं दी जाती हैं। वहीं प्रशासन का संदेश इस कदम को श्पहले खुद अपनाओ, फिर जनता को बताओ की नीति माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इससे आंगनबाड़ी केंद्रों की गुणवत्ता पर भी निगरानी और सुधार बढ़ेगा। क्षेत्र में यह पहल अब सरकारी योजनाओं के प्रति विश्वास बढ़ाने वाली कारात्मक कोशिश के रूप में देखी जा रही है।

### बगला घाट पर होंगे केदारनाथ मंदिर के दर्शन, शिवालयों में रहेगी श्रद्धालुओं की भीड़

# महाशिवरात्र पर्व: आज हर तरफ गुंजायमान होगा हर-हर महादेव का जयघोष, निकलेगी शोभायात्रा

जागरण विदिशा

महाशिवरात्र पर्व रविवार को भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। शहर के सभी शिवालयों में आकर्षक साज-सज्जा की जा चुकी है, जहां भगवान शिव की पूजा अभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ेगा। वहीं शहर में विभिन्न स्थानों से भगवान शिव की शोभायात्राएं भी गाजेबाजों के साथ निकाली जाएगी। मुख्य आकर्षक का केंद्र बगला घाट पर इस बार तैयार भव्य केदारनाथ मंदिर की झांकी रहेगी। बेतवा नदी के मध्य स्थित शिवालय को यहां की आयोजन समिति ने केदारनाथ मंदिर झांकी का भव्य स्वरूप दिया है।

मालूम हो कि शहर में महाशिवरात्र पर्व उत्साह एवं भक्तिभाव से मनाए जाने की परंपरा रही है। इसके चलते श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। शहर के सभी शिवालयों में इस पर्व के चलते पिछले कई दिनों से तैयारी चल रही थी। इसमें सभी मंदिर आकर्षक रूप से सजाए जा चुके हैं। मंदिरों की विशेष साफ-सफाई के साथ ही पुताई एवं विद्युत रोशनी से मंदिर सज चुके हैं। जहां अल सुबह से श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना शुरू हो जाएगा, जहां बीलपत्र, पुष्प, धतूरा आदि आदि के साथ पूजन होगा वहीं जलाभिषेक, दुग्ध अभिषेक, रुद्राभिषेक आदि कर श्रद्धालुजन भगवान भोलेनाथ को मनाएंगे। मंदिरों में दिभर भजन कीर्तन आदि के आयोजन होंगे वहीं हर-हर महादेव, बम-बम भोले, आदि के जयघोष हर तरफ सुनाई देंगे।



### बंगला घाट पर बंगाल के कलाकारों ने बनाई केदारनाथ की आकर्षक झांकी

शहर के बंगला घाट पर महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं को केदारनाथ धाम के दर्शन होंगे। इस बार बेतवा की बीच धार में केदारनाथ मंदिर की झांकी का निर्माण किया गया है। यह आयोजन बंगलाघाट श्रम सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है। समिति के संजय प्रजापति, सुरेन्द्र कुशवाह, कुलदीप शर्मा, पवन नामदेव, हेमंत दुबे, राजकुमार प्रजापति, गौरव सेन, सौरभ कुशवाह, दीपेश प्रजापति, पंकज शर्मा, हेमंत नामदेव, जय प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व्यवस्थाओं में जुट हुए हैं।समिति के संजय प्रजापति ने बताया कि रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक दोपहर 2 बजे तक चलेगा। वहीं शाम को 7.30 बजे महा आरती होगी। इसके बाद 8 बजे से उज्जैन की टोली द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल से आए कलाकार संतोष विश्वास के मार्गदर्शन में उनकी 10 सदस्यीय टीम द्वारा भव्य केदारनाथ मंदिर की झांकी का निर्माण कराया है।बीच बेतवा में मंदिर की झांकी की कुल ऊंचाई गुम्बद सहित लगभग 55 फीट है। मंदिर का निर्माण केदारनाथ धाम की तर्ज पर किया गया है, जिसमें पारंपरिक शिल्पकला और धार्मिक वास्तुशैली का विशेष ध्यान रखा गया है। आयोजन समिति के अनुसार भव्य एवं आकर्षक केदारनाथ मंदिर की झांकी के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे।

### शहर में यह शिवालय हैं विशेष आस्था के केंद्र

शहर में बेतवा नदी स्थित प्राचीन रामेश्वर एवं गोपालेश्वर मंदिर, ओघढ़दानी मंदिर, महल घाट स्थित शिवालय, भारती मठ शिवालय में जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे, वहीं विद्युत मंडल स्थित महाकालेश्वर मंदिर, माधवगंज स्थित कांच मंदिर शिवालय आदि शहर के अन्य स्थानों व कॉलोनियों में स्थित मंदिरों में श्रद्धालुजन भगवान शिव की पूजन आदि करने के लिए पहुंचेंगे। माधवगंज पर सुबह से खासी भीड़ रहती हैं, सुबह से बीलपत्र, पुष्प एवं पूजन साग्रियों की दुकानें सज उठती है और सुबह से रात तक पूजन के लिए भक्तों की कतार लगी रहती है। ऐसी ही स्थिति बेतवा घाट व अन्य स्थानों पर स्थित शिवालयों में रहेगी।

### सर्वार्थ सिद्धि और चतुरग्रही योग में मनेगी महाशिवरात्रि

इधर धर्माधिकारी पं. विनोद शास्त्री के मुताबिक 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। इस वर्ष महाशिवरात्रि पर सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ चतुरग्रही योग बन रहा है । शिवरात्रि पर उत्तराषाढा और श्रवण नक्षत्र का युग्म संयोग रहेगा सर्वार्थ सिद्धि और व्यतिपात योग रहेगा त्रयोदशी और चतुर्दशी का संयोग रहेगा कुंभ राशि में सूर्य बुध शुक्र और राहु की युक्ति रहेगी। उन्होंने कहा कि सूर्य बुध शुक्र और राहु चारों शनि की कुंभ राशि में रहेंगे चंद्रमा के ही नक्षत्र में महाशिवरात्रि के दिन सूर्य बुध शुक्र और राहु कुंभ राशि में रहेंगे चंद्र और मंगल मकर राशि में शनि मीन राशि में केतु सिंह राशि में जबकि मिथुन राशि में बृहस्पति रहेंगे। इन ग्रहों के योग में महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का पूजन,रुद्राभिषेक एवं भगवान शंकर की चार पहर की पूजन करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का अर्थ वह रात्रि है जिसका शिव तत्व के साथ घनिष्ठ संबंध हो भगवान शिव की अति प्रिय रात्रि को शिवरात्रि कहा जाता है। शिवरात्रि पर शिवार्चन और रात्रि जागरण ही इस व्रत की विशेषता है एवं शिव अभिषेक का विधान है।

### रात भर भजन पूजन के होंगे कार्यक्रम

महाशिवरात्रि के दिन नगर के शिव मंदिरों में रात भर भजन कीर्तन अभिषेक और जागरण के कार्यक्रम होंगे धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री बताया कि ईशान संहिता मे बताया गया है कि फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी की रात्रि को आदि देव भगवान श्री शिव करोड़ों सूर्यो के समान प्रभा वाले लिंग स्वरूप में प्रगट हुए थे ज्योतिष शास्त्र के अनुसार फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि में चंद्रमा सूर्य के समीप होता है अतः वही समय जीवन रूपी चंद्रमा का शिव रूपी सूर्य के साथ योग मिलन होता है महाशिवरात्रि परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण का मंगल सूचक है उनके निराकार से साकार रूप में अवतरण की रात्रि ही महाशिवरात्रि कहलाती है। उन्न्होंने कहा कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार प्रतिपदा आदि सोलह तिथियां के अग्नि आदि देवता स्वामी होते हैं अतः जिस तिथि का जो देवता स्वामी होता है उसे उसी देवता का उस तिथि में व्रत पूजन करने से उस देवता की विशेष कृपा प्राप्त होती है । चतुर्दशी तिथि के स्वामी शिव हैं अथवा शिवजी की तिथि चतुर्दशी है रात्रि में व्रत करने से इसको शिवरात्रि कहते हैं इससे शिवजी प्रसन्न होते हैं। यह है महाशिवरात्रि व्रत का महत्वधर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री के अनुसार शिव पुराण की कोट रुद्र संहिता मैं बताया गया है कि शिवरात्रि व्रत करने से व्यक्ति को भोग एवं मोक्ष दोनों की प्राप्ति होती है अन्य देवताओं का पूजन व्रत आदि प्रियः दिन में ही होता है लेकिन भगवान शंकर को रात्रि प्रिय है भगवान शंकर को रात्रि ही क्यों प्रिय हुई भगवान शंकर संहार शक्ति और तमोगुण के अधिष्ठाता है अतः तमो मयी रात्रि से उनका स्नेह लगा होना स्वाभाविक ही है रात्रि संहार काल की प्रतिनिधि है।

## ज्ञापन: घाटों का पुनरुत्थान भी प्रोजेक्ट में हो शामिल

जागरण विदिशा

सिविल सोसायटी के पदाधिकारियों ने कमिश्नर को बेतवा नदी की दुर्दशा से अवगत कराते हुए बेतवा को नमामि गंगे प्रोजेक्ट में शामिल करने पर आभार व्यक्त किया है। वहीं बेतवा के विभिन्न घाटों के पुर्नारोत्थान और सौंदर्य को नमामि गंगे प्रोजेक्ट में समाहित करने की मांग की है।

उन्होंने बताया कि केंद्र द्वारा जारी सर्वे में संपूर्ण विदिशा जिले के साथ-साथ विशेषत विदिशा शहर में बेतवा को प्रदूषित करने वाले नाले पीलिया नाला, अपस्ट्रीम, चोर घाट नाला, गुठान वाला नाला, गौशाला वाला नाला, कब्रिस्तान का नाला, जतरापुरा नाला सीधे बेतवा को प्रदूषित करते हैं, इनकी रोकथाम की समुचित सुनिश्चित की जाए। साथ ही उपरोक्त सर्वे में विदिशा के जन आस्था के केंद्र प्रमुख घाट रंगई हनुमान घाट, त्रिवेणी घाट, राम घाट, बहराबाबा घाट, महल घाट, बढवाला घाट, मुक्तिधाम घाट, चरणतीर्थ घाट और नौलखी घाट के पुनरुत्थान और सौंदर्य को नमामि गंगे प्रोजेक्ट में समाहित करने की मांग की है। पदाधिकारियों ने बताया कि



5 फरवरी को किया गया सर्वे मानवीय आकांक्षाओं के अनुरूप न होकर अपूर्ण है। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा किए जा रहे नमामि गंगे प्रोजेक्ट के सर्वे में विदिशा के नागरिकों के सुझाव और सुनवाई को सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन द्वारा प्रदत्त राशि का पारदर्शिता पूर्ण उपयोग होकर समुचित विकास हो सके।

पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदत्त जल बेतवा नदी के बडवाला घाट, रामघाट चरण तीर्थ घाट एवं कालिदास डेम से सिविल सोसाइटी द्वारा नागरिकों की उपस्थिति में एकत्रित कर आपको भेंट किया जा रहा है। ताकि उपरोक्त जल की गुणवत्ता की जांच मानक नियमों के आधार पर की जाए ताकि विदिशा के नागरिकों को स्वच्छ पेयजल प्राप्त हो सके और इंदौर जैसी शर्मनाक घटना की पुनरावती ना हो। इस दौरान उन्होंने कमिश्नर से अनुरोध किया कि विविध घाटों से एकत्रित जल की संपूर्ण जांच कराई जाए और नगर पालिका विदिशा को त्वरित शुद्ध पेयजल एवं बेतवा शुद्ध करण के समुचित निर्देशित दिये जाए।

चर्चा के दौरान सिविल सोसाइटी के सचिव देवेंद्र सिंह राठौड़, अतुल तिवारी, इस्माइल खान, राजकुमार पासी, आशीष माहेश्वरी, संजय तिवारी, प्रियंका रघुवंशी आदि उपस्थित रहे।

## किसान की मौत, खेत में करंट लगने की आशंका, पुलिस कर रही जांच

जागरण लटेरी

क्षेत्र में खेत में सिंचाई करते समय करंट लगने से एक 40 वर्षीय किसान की मौत होने का मामला सामने आया है। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच भी प्रारंभ कर दी है। ग्राम पंचायत गोलाखेड़ा के मजरा धरनावदा निवासी प्रहलाद सिंह यादव अपने खेत पर पानी लगाने गए थे। वे आमतौर पर दोपहर 12 बजे तक घर लौट आते थे, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटे, जिससे परिजनों को चिंता हुई।

प्रहलाद सिंह के बेटे अमित यादव उन्हें तलाशते हुए खेत पहुंचे, लेकिन वे वहां नहीं मिले। आसपास के गांवों में भी पूछताछ की गई, पर कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद परिजन और ग्रामीण दोबारा खेत पर पहुंचे और गहनता से तलाश की। काफी खोजबीन के बाद प्रहलाद सिंह यादव खेत में अचेत अवस्था में पड़े मिले। परिजन उन्हें तत्काल लटेरी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह हादसा सिंचाई के दौरान बिजली के तार या मोटर में करंट आने से हुआ। आनंदपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। इस घटना के बाद किसानों से अपील की जा रही है कि खेत में सिंचाई करते समय बिजली उपकरणों की नियमित जांच करें।

## आबकारी विभाग के अमले ने जीप से जब्त की 4 पेटी शराब

जागरण विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के आदेश के पालन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बोलेरो जीप से भारी मात्रा में मदिरा जप्त की गई है। यह कार्रवाई उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता भोपाल यशवंत धानौरा के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी शरद पाठक के निर्देशन में की गई।

जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिलने पर जिला आबकारी बल ने तिनसआई से वर्धा जाने वाले मार्ग पर नाकाबंदी की। इस दौरान संदिग्ध सफेद रंग की जीप का पीछा किया। आबकारी



टीम की कार्रवाई के दौरान आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए, लेकिन वाहन और उसमें रखी अवैध शराब को जप्त कर लिया गया।

जप्त सामग्री में जीप के साथ 5 पेटी देशी मदिरा मसाला एवं 4 पेटी प्लेन मदिरा सहित कुल 81 बल्क लीटर शराब बरामद की गई है। जप्त मदिरा एवं वाहन का कुल मूल्य लगभग 4 लाख 35 हजार रुपये आंका गया है। आबकारी विभाग द्वारा फरार आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक संजय इवने, रविशंकर धाकड़, आरक्षक पवन गौर, राहुल राठौर, शिवलाल चिडार एवं आशीष कोरव का सराहनीय योगदान रहा। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने हेतु इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## अस्पताल परिसर में जांच के लिए पहुंचे एक व्यक्ति से मोबाइल व नगदी ले गया आरोपी

जागरण विदिशा

जिला अस्पताल परिसर में एक बुजुर्ग से मोबाइल और नकदी की ठगी का मामला सामने आया है। बीना के खिमलासा निवासी हरिराम जो पिछले कुछ दिनों से मेडिकल कॉलेज में भर्ती थे, सिटी स्कैन जांच के लिए जिला अस्पताल पहुंचे थे। ठग ने उनके अकेलेपन का फायदा उठाया। अस्पताल परिसर में ही रामबाबू नामक एक युवक ने हरिराम से बातचीत शुरू की। उसने मदद का आश्वासन दिया और सहानुभूति जताते हुए गार्ड की नौकरी दिलाने का लालच दिया। युवक ने हरिराम से कहा कि वह किसी अधिकारी से बात करवा देगा और इसी बहाने उनका मोबाइल अपने हाथ में ले लिया।

आरोपी ने मोबाइल पर किसी अधिकारी से बात करने का नाटक किया। इसके बाद उसने नौकरी लगवाने की प्रक्रिया शुल्क और रिचार्ज के नाम पर हरिराम से 500 रुपये भी ले लिए। कुछ देर बाद मौका पाकर वह हरिराम का मोबाइल लेकर फरार हो गया। जब तक हरिराम को ठगी का एहसास हुआ, तब तक आरोपी भीड़ में गायब हो चुका था। ठगी के बाद हरिराम के पास घर लौटने तक के पैसे नहीं बचे थे। उन्होंने मीडियाकर्मियों की मदद से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। हालांकि मोबाइल की पूरी जानकारी और बिल न होने के कारण अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई है। अस्पताल परिसर में हुई इस घटना ने मरीजों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करने की बात कही है।

## धरना प्रदर्शन, रैली व अन्य आयोजन के लिए लेनी होगी परमिशन, नहीं तो होगी कार्यवाही

### जिला प्रशासन ने जारी किए आदेश

जागरण विदिशा

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अंशुल गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक विदिशा के प्रतिवेदन के आधार पर जिले में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा बिना सक्षम अनुमति धरना.प्रदर्शन, ज्ञापन, रैली, जुलूस, पुतला दहन एवं अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने के प्रकरण संज्ञान में आए हैं।

ऐसे आयोजनों के कारण यातायात व्यवस्था बाधित होने, विधि.विरुद्ध गतिविधियों की संभावना तथा आपसी वैमनस्य एवं अशांति उत्पन्न होने की आशंका व्यक्त की गई है। उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए अपर कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट अनिल कुमार डामोर द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रस्ताव से सहमति व्यक्त करते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता.2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर लोक शांति, मानव जीवन एवं आमजन की सुरक्षा के हित में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। प्रतिबंध अवधि में बिना सक्षम अनुमति किसी भी प्रकार की रैली, वाहन रैली, जुलूस, पुतला दहन, धरना.प्रदर्शन, सामूहिक प्रदर्शन, चक्काजाम आदि गतिविधियां आयोजित नहीं की जाएंगी। सार्वजनिक स्थानों पर 4 या अधिक व्यक्तियों का समूह बनाकर प्रदर्शन अथवा एकत्रीकरण प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे किसी भी कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाएगा जिससे कानून.व्यवस्था, शांति या यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना हो।

**दो माह की अवधि तक प्रभावशील रहेगा आदेश :** बिना अनुमति पुतला दहन या सामूहिक विरोध प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश पारिवारिक सदस्यों के कार्यक्रम, विवाह समारोह, बारात एवं शवयात्रा पर प्रभावशील नहीं होगा। यह आदेश 13 फरवरी 2026 से प्रभावी होकर आगामी दो माह की अवधि तक प्रभावशील रहेगा। आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता.2023 की धारा 163/2 के अंतर्गत एकपक्षीय रूप से पारित किया गया है, क्योंकि वर्तमान परिस्थितियों में सर्वसाधारण को सुनवाई हेतु समुचित समय प्रदान किया जाना संभव नहीं है। आदेश के उल्लंघन की स्थिति में भारतीय न्याय संहिता.2023 की धारा 223 तथा अन्य विधिक प्रावधानों के अंतर्गत संबंधित व्यक्ति, संस्था अथवा संगठन के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू सहित कार्यकर्ताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## अमेरिका से कृषि ट्रेड डील पर चौराहों पर फूंके कृषि मंत्री के पुतले

जागरण विदिशा

अमेरिका से कृषि ट्रेड डील के खिलाफ शनिवावर को कांग्रेस नगर अध्यक्ष रवि साहू के नेतृत्व में शहर के चौराहों पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया जा रहा था। इसी क्रम में सिविल लाइन पुलिस ने नगर अध्यक्ष रवि साहू और कांग्रेस कार्यकर्ताओ को चुंगी नाका चोराहा से गिरफ्तार कर लिया । तब तक शहर में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर कार्यकर्ताओ द्वारा पुतले फूंके जा चुके थे। सुबह 10 बजे पीतल मिल चौराहा से पुतला दहन करना कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने प्रारंभ किया जो बंटी नगर चौराहा, अहमदपुर चौराहा, रवि शंकर चौराहा, रायपूरा नई बस्ती, पूरनपुरा चौराहा पर पुतला दहन करते हुए चुंगी नाका चोराहा पर स्थानीय वार्ड के कार्यकर्ताओं के साथ पुतला दहन कर रहे थे। वहां से सिविल लाइन थाने की पुलिस ने नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओ को गिरफ्तार कर थाने ले गये।

नगर अध्यक्ष रवि साहू की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता थाने पहुंच गए।



कार्यकर्ताओं ने पुलिस कार्रवाई का विरोध किया और नगर अध्यक्ष रवि साहू को तत्काल रिहा करने की मांग की, लेकिन पुलिस ने जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के साथ, पूर्व जनपद अध्यक्ष रणधीर सिंह, आनंद प्रताप सिंह, अर्पित उपाध्याय, अरुण अवस्थी, रामराज दांगी, वैभव भारद्वाज, राज कुमार पांसी, ब्रजेन्द्र वर्मा, पर्वत गोण, अशरफ खान सहित आनेक कांग्रेस नेताओं को थाने में बिठा लिया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने कहा कि अमेरिका के साथ कृषि व्यापार का मोदी सरकार का ये कैसा समझौता है। देश के लाखों लोग अपनी आजीविका के लिए खेती पर निर्भर है, ऐसे में किसानों के लिए खेती से लागत निकालना भी मुश्किल हो जायेगा, उन्होंने पुलिस कार्यवाही को सरकार की दमनकारी निति बताया। प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह ने कहा की अगर मोदी सरकार ने अपना ये किसान विरोधी फैसला वापस नहीं लिया तो कॉंग्रेस देशव्यापी आंदोलन करेंगी और किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेंगी। जिला कॉंग्रेस मीडिया प्रभारी एडवोकेट सुशील शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा की किसानो के हितों से समझोता किसी भी कीमत पर देश स्वीकार नहीं करेंगा।

### कुरवाई में कार्यकर्ताओं पर मारी पानी की बौछारें

**कुरवाई।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व और जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कुरवाई शहर कांग्रेस कमेटी ने आज बीना तिराहे पर बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला जलाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस और फायर ब्रिगेड की सतर्कता के कारण यह कार्यक्रम आंशिक रूप से ही सफल हो सका।



प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने पुतला लेकर पहुंचे, लेकिन पहले से मौके पर तैनात पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। फायर ब्रिगेड ने पानी की तेज बौछार शुरू कर दी, जिससे पुतला के साथ.साथ कई कार्यकर्ता भी भीग गए। इसके बाद पुलिस और कांग्रेस नेताओं.कार्यकर्ताओं के बीच पुतला छीनने को लेकर जोरदार खींचातानी हुई। पुलिस ने अंततः पुतला अपने कब्जे में ले लिया और दहन को रोक दिया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मौके पर ही जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम में नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जफर शेख, मजाज मोहम्मद, जिला पंचायत सदस्य रानी अहिरवार, सीमा अहिरवार, नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहम्मद इरफान काजी, पूर्व आविद खान, पार्षद काशिफखान अन्नू, संसन पेंटर, सुरेंद्र अहिरवार, नजीर खान मंसूरी सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नटेरन में भी हुआ विरोध प्रदर्शन

**नटेरन।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नटेरन की समस्त ग्राम पंचायत में केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका के द्वारा जो ट्रेड डील की गई किसानों हित की रक्षा के लिए उसके विरोध में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया। नटेरन मैं उपस्थित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद शर्मा, वरिष्ठ नेता रमेश तिवारी, रामसेवक रघुवंशी, ओम प्रकाश जाटव, रामस्वरूप जाटव, विकास अहिरवार, नीलेश रघुवंशी सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।